an>

Title: Regarding compensation paid to farmers in Rampur district of Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मुझे बोलने के लिए अवसर देने के लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मैं उत्तर प्रदेश के रामपुर संसदीय क्षेत्र की कुछ समस्याएं आपके सामने रखूंगा।

महोदया, इस क्षेत्र में करीब 63 प्रतिशत पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति के लोग हैं, इनके पास जमीन कम है। पिछले वÂर्ष मौसम के कारण उनकी जो फसल नÂष्ट हुई थी, अभी तक उसका मुआवजा इन लोगों को नहीं मिला है। मुआवजे का जिस तरह से राजनीतिकरण किया गया, मैं अगर यह कहूं कि धर्म के आधार पर नहीं, अधर्म के आधार पर मुआवजा दिया गया है तो अनुचित नहीं होगा। वे छोटे-छोटे किसान हैं, आज दूसरी बरसात आ गयी, लेकिन उन लोगों को मुआवजा नहीं मिला है। केन्द्र सरकार ने जो मुआवजे की राशि दी थी, प्रदेश सरकार से जो मुआवजा मिलना था, वह वहां अभी तक नहीं मिला है। इस अधर्म में सबसे ज्यादा योगदान वहां के अधिकारियों का है, किसी व्यक्ति को दोगुना मुआवजा दिया है, किसी का रेट बदल दिया है, किसी को दिया ही नहीं। इस बारे में मैंने कई पत्र माननीय गृह मंत्री जी एवं कृÂिष मंत्री जी को लिखे हैं कि इस प्रकरण में जब मुआवजा बांटने के लिए केन्द्र की ओर से सहायता राशि जिले को गयी है तो उसके बारे में जांच कराई जाए और जो भी अधिकारी इन अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उन पर कार्रवाई हो। यही मेरी मांग है।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं श्री रोड़मल नागर को डॉ. नैपाल सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।